# रणजीत टाइम्स

इंदौर
गुरुवार , 5 जून, 2025
वर्ष 01 | अंक 145 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## पर्यावरण दिवस



# धरती की रक्षा का संकल्प

राजेश धाकड़

5 जून को पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें प्रकृति के महत्व की याद दिलाता है, बल्कि हमें यह संकल्प लेने के लिए भी प्रेरित करता है कि हम पर्यावरण की रक्षा करेंगे और पृथ्वी को बचाने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

### पर्यावरण का महत्व

पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। यह हमें स्वच्छ हवा, पीने योग्य जल, उपजाऊ भूमि और जैव विविधता प्रदान करता है। यदि पर्यावरण संतुलित रहेगा तो ही जीवन स्वस्थ और समृद्ध रहेगा। पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना भी असंभव है।

### बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण

आज के समय में औद्योगीकरण, शहरीकरण और मानवीय गतिविधियों के कारण पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँच रहा है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और प्लास्टिक कचरा जैसे संकट हमारे स्वास्थ्य और प्रकृति दोनों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम

पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। पेड़ लगाना, प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, जल संरक्षण, अक्षय ऊर्जा का उपयोग, और रीसाइक्लिंग जैसी आदतों को अपनाकर हम सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। साथ ही, बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ एक सुरक्षित धरती पर जीवन जी सकें।

विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है—धरती माँ को बचाने का। आइए, हम सब एकजुट होकर यह संकल्प लें कि हम पर्यावरण की रक्षा करेंगे, प्रदूषण को रोकेंगे और हर दिन को पर्यावरण दिवस की तरह जिएंगे।

"एक पेड़ लगाएँ, धरती मुस्कुराए।"



विश्व पर्यावरण दिवस 2025

# विकास की दौड़ में खोती प्रकृति



गोपाल गावंडे

... की विशेष कलम से ...

हर साल 5 जून को हम विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं। लेकिन क्या यह केवल एक रस्म बनकर रह गया है? क्या हम वाकई पर्यावरण को बचाने के लिए संकल्पित हैं या फिर विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति को कुचलते जा रहे हैं?

### विकास की कीमत पेड़ों की आहुति

आज हम ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों और चमकते शहरों के लिए हजारों-लाखों साल पुराने पेड़ों को काट रहे हैं।

जंगलों की जगह अब कॉलोनियाँ बन चुकी हैं, खेतों की जगह कंक्रीट की छतें उग आई हैं। हरियाली गायब हो रही है और उसका असर अब हमारी आँखों के सामने है—सूखा, बाढ़, भीषण गर्मी और जल संकट।

### जल संकट: भविष्य की सबसे बड़ी लड़ाई

देश के कई शहरों में ज़मीन का जल स्तर खतरनाक रूप से गिर चुका है। जल स्रोत या तो सूख गए हैं या प्रदूषण से भर चुके हैं। "पानी बचाओ" अब नारा नहीं, बल्कि अस्तित्व की आवश्यकता बन गया है। प्रदूषण और प्रकृति का पलटवार चारों ओर निर्माण, कचरा, ध्वनि और रासायनिक प्रदूषण ने वायु और जल को विषैला बना दिया है। प्राकृतिक आपदाएँ बार-बार दस्तक दे रही हैं—यह प्रकृति का बदला नहीं, चेतावनी है।

वन्य जीवन संकट में जंगल उजड़ने से जानवरों का बसेरा छिन रहा है। अब तेंदुए, हाथी, भालू, बंदर आदि शहरी इलाकों में दिखने लगे हैं क्योंकि उनके रहने की जगह हमने छीन ली है।

### समाधान क्या है?

हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए

प्लास्टिक का प्रयोग छोड़े

जल और ऊर्जा संरक्षण को प्राथमिकता दे

बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाए

कृषि भूमि की रक्षा करें, हरियाली बढ़ाएं

निष्कर्ष: अब भी समय है

अगर अब नहीं जागे, तो अगली पीढ़ी को केवल तस्वीरों में हरियाली दिखेगी। विकास जरूरी है, लेकिन विनाश नहीं। हमें ऐसी योजनाएँ बनानी होंगी जो प्रकृति और प्रगति दोनों को साथ लेकर चलें।

आइए इस पर्यावरण दिवस पर संकल्प लें: "एक पेड़ लगाएँ – एक जीवन बचाएँ। प्रकृति के साथ चलें – भविष्य सुरक्षित करें।"

# शादी से लौट रहा था परिवार, कार पर पलटा ट्राला...

# दबकर 9 लोगों की मौत; 2 घायल

दैनिक रणजीत टाइम्स

**झाबुआ : राजेश सोनी**

मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में एक भीषण सड़क दुर्घटना में 9 लोगों की मौत हो गई और 2 अन्य घायल हो गए। एक सीमेंट से भरा ट्राला एक ईको कार पर पलट गया जिससे यह हादसा हुआ। मृतकों में 5 नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश के झाबुआ में एक भीषण हादसे ने 9 लोगों की सांसें छीन लीं।झाबुआ में मेघनगर के करीब बड़ा हादसा हुआ। इस हादसे में सीमेंट से भरा ट्राला ईको वैन पर पलट गया। इससे ईको में मौजूद 9 लोगों की मौत हो गई, वहीं 2 लोग घायल हैं। हादसे के वक्त ईको में कुल 11 लोग मौजूद थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दिल दहला देने वाला ये हादसा मंगलवार की रात करीब 3 बजे हुआ। हादसे के बाद मिली सूचना पर इलाके के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसपी भी वहां पहुंचे। घयालों को थांदला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। लोग इको में बैठे थे, अचानक सीमेंट का ट्राला उस पर पलट गया और अंदर मौजूद लोगों को हिलने का भी मौका नहीं मिला।





## शादी से लौट रहा था परिवार

पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोग और घायल एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। शादी का कार्यक्रम कल्याणपुरा थाना क्षेत्र के मानपुरा गांव में आयोजित था। सभी 11 लोग ईको वैन से वापस लौट रहे थे। उनकी वैन सजेली फाटक के पास निर्माणाधिन पुल के बगल में एक ट्राले से टकरा गई. इसके बाद ट्राला उनकी कार पर पलट गया। इसमें 9 लोगों की मौत हो गई।

## मृतकों में 5 नाबालिग

हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शव को सीएचसी थांदला में रखा गया है। मृतकों में 5 नाबालिग हैं। इसमें शिवगढ़ महुड़ा के रहने वाले मुकेश खपेड़, उनकी बेटी कुमारी पायल और बेटा विनोद की मौत हुई है। वहीं, शिवगढ़ महुड़ा के रहने वाले भारु बामनिया की पत्नी मडीबाई, बेटे विजय, बेटी कुमारी कांता की भी मौत हुई है।


## मृतकों की पहचान

मृतकों की पहचान शिवगढ़ महुड़ा के रहने वाले 40 वर्षीय मुकेश, देवीगढ़ की रहने वाली 35 साल की अकली, शिवगढ़ महुड़ा के रहने वाले 16 साल के विनोद, शिवगढ़ महुड़ा की रहने वाली 12 साल की बच्ची कुमारी पायल, शिवगढ़ महुड़ा की 38 साल की मडीबाई, शिवगढ़ महुड़ा के 14 साल के विजय, शिवगढ़ महुड़ा की 14 साल की कुमारी कान्ता, 9 साल की रागिनी और 35 साल की शवलीबाई के रूप में हुई है। शवलीबाई का शव सीएचसी मेघनगर में रखा गया है।

## घायलों के नाम

हादसे में दो लोग घायल हुए है। उसमें एक का नाम पायल है। पायल सोमला परमार की बेटी हैं और उनकी उम्र 19 साल है। वो देवीगढ़ की रहने वाली हैं। उन्हें डीएच झाबुआ से दाहोद रेफर किया गया है। वहीं दूसरे घायल की पहचान 5 साल के आशु के रूप में हुई है। आशु रामचंद बामनिया की संतान है. वो शिवगढ़ महुड़ा के रहने वाले हैं।

# आज इन क्षेत्रों में रहेगी विद्युत सप्लाई बंद-प्रबंधक दक्ष



कार्यालय प्रबंधक (संचा./संधा) उपसंभाग पिछोर

क्रमांक/प्रब./सं०सं०/25/२९५ पिछोर, दिनांक 04/06/25

प्रति,
उप संचालक
जिला जनसंपर्क कार्यालय
शिवपुरी

विषय– प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन बावत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि निम्नांकित प्रेस विज्ञप्ति भेजी जा रही है अतः अनुरोध है कि निम्न विज्ञप्ति को सभी दैनिक समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशन करने का कष्ट करें।

–: आवश्यक सूचना :–

" सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 05.06.25 को 33/11केव्ही उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11केव्ही फीडरों का विद्युत प्रवाह सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00बजे तक बन्द रहेगा। विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधाओं के लिये कम्पनी खेद व्यक्त करती है। आवश्यकता अनुसार समय मे परिवर्तन किया जा सकता है।"

| क० | दिनांक | 11 केव्ही फीडर | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05.06.25 | गूडर आबादी हिनडोरा आबादी | सुबह 09:00 से शाम 03:00 तक। | झालानी गूडर गताझलकोई हिनडोरा आदि। |
| 2 | 05.06.25 | पिपरोदा आबादी मुहासा पम्प | सुबह 09:00 से शाम 03:00 तक। | पिपरोदा मुहासा डोंगा उमाय गोरवर आदि। |
| 3 | 05.06.25 | अछरोनी आबादी अछरोनी पम्प | सुबह 09:00 से शाम 03:00 तक। | अछरोनी रेडी प्रतापपुरा क्यारा आदि। |
| 4 | 05.06.25 | बामोर डामरोन आबादी पिपारा आबादी | सुबह 09:00 से शाम 03:00 तक। | बामोर मठया गुलाबपुरा पिपारा कुंडलपुर आदि। |
| 5 | 05.06.25 | बगराउआ पम्प | सुबह 09:00 से शाम 03:00 तक | बगराउआ हिम्मतपुर ओढी सिलपुरा आदि। |

## मेंटेनेंस के चलते दोपहर 03 बजे तक चलेगा कार्य

दैनिक रणजीत टाइम्स

**जगदीश पाल**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर के 33/11 केव्ही उपकेंद्र से निकलने वाली 11 केव्ही फीडरों पर मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह 9:00 से 3:00 तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी! मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र वि. वितरण कंपनी के कार्यालय प्रबंधक घनश्याम प्रसाद दक्ष ने जानकारी देते हुए बताया है कि 05 जून गुरुवार 2025 को पिछोर तथा खनियाधाना क्षेत्र की 11केव्ही फीडर गूडर,हिनडोरा आवादी, पीपरोदा,मुहासा पंप, अछरोनी आबादी तथा अछरोनी पम्प, बामोर डमरोंन,पिपारा आबादी, तथा चमरौआ पम्प, आदि क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली प्रभावित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई सुबह 9:00 से दोपहर 3:00 तक 6 घंटे के लिए बंद रहेगी !प्रबन्धक दक्ष ने बताया की उपभोक्ताओं को होने बाली असुविधा के लिए कंपनी खेद व्यक्त करती है।आवश्यकतानुसार विद्युत कटौती का समय भी परिवर्तन किया जा सकता हैं।

# जिला पंचायत सदस्य के पुत्र व उसके 50 साथियों पर घर आकर धमकाने के आरोप,फरियादिया ने लगाई सुरक्षा की गुहार

दैनिक रणजीत टाइम्स

पिछोर। पिछोर के ग्राम सेमरी की फरियादिया ऊषा लोधी ने जिला पंचायत सदस्य कामता-रघुवीर लोधी के पुत्र एवं उसके 50 साथियों पर घर पर आकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

बकौल फरियादिया ऊषा लोधी पत्नी महेंद्र लोधी निवासी सेमरी ने बताया कि मंगलवार की सुबह जब मैं घर पर अकेली थी उस समय जिला पंचायत सदस्य कामता रघुवीर लोधी के पुत्र वीरेंद्र लोधी एवं 50 से अधिक अन्य साथी ट्रैक्टर ट्रालियों लठ्ठ लेकर आये और मेरे पति के खिलाफ गाली गलौच करने लगे साथ ही कहने लगे कि तेरा पति कहाँ है आज उसको जान से मार कर फेकना है महिला के अनुसार घटना के समय पति महेंद्र लोधी बाहर था ऊषा ने आगे बताया कि जब मैंने उनसे विवाद का कारण जानना चाहा तो उन्होंने कुछ नहीं बताया बल्कि बार बार गाली गलौच करते हुए मेरे पति के बारे में पूछकर कहते रहे कि तू अपने पति को बाहर निकाल आज उसको जिन्दा नहीं छोड़ेंगे मना करने पर मेरे साथ बदसलूकी की गई और वापस चले गए घटना के बाद फरियादिया ने पति के साथ पिछोर थाने में पहुंचकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है।

## रेत का अवैध उत्खन्न बना विवाद का कारण

महिला के पति महेंद्र लोधी ने बताया कि मैं लम्बे समय से पत्रिकारिता का काम करता हूं और लोगों के जन मुद्दों को उठाने का प्रयास करता हूं चूँकि जिला पंचायत सदस्य कामता-रघुवीर लोधी का पुत्र वीरेंद्र लोधी राजनैतिक रसूक रखता है वहीं उनका बड़ा पुत्र अजबसिंह लोधी हमारी ग्राम पंचायत सेमरी में सचिव के पद पर पदस्थ है दोनों मिलकर सेमरी में रेत का काला कारोबार करते हैं बीते रोज जब ये लोग रेत का अवैध उत्खन्न कर रहे थे तभी वहां पुलिस पहुँच गई जिससे ये लोग भाग गए इस घटना के बाद जिला पंचायत सदस्य दोनों पुत्रों ने मुझ पर यह आशंका जताई कि इसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देकर हमारे रेत के कारोबार पर छापा पड़वाया है जबकि इनके कारोबार से मेरा कोई लेना देना नहीं है इसी शक के कारण जिला पंचायत सदस्य का पुत्र वीरेंद्र लोधी अपने 50 से अधिक साथियों को लेकर मंगलवार की सुबह उस वक़्त में घर पर आ धमका जब मैं घर नहीं था घर पर मेरी पत्नी और बच्चे थे जिनके साथ इन सभी ने गाली गलौच की एवं पत्नी से बदसलूकी करते हुए मुझे जान से मारने की धमकी दी है महेंद्र लोधी ने आगे बताया कि घटना से के दिन पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पति रघुवीर लोधी,पुत्र अजबसिंह लोधी जो सेमरी में सचिव है एवं छोटे पुत्र वीरेंद्र लोधी ने शोशल मीडिया पर सीधा नाम न लिखकर अप्रत्यक्ष रूप से मेरे खिलाफ धमकी सहित अन्य अनर्गल पोस्ट की थी।



# पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने दिनांक 3.6.25 को पिछोर कस्बे का भ्रमण किया

दैनिक रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल

इस दौरान उन्होंने सर्राफा व्यवसायी, कपड़ा व्यवसायी एवं जनरल स्टोर के व्यापारियों से चर्चा की एवं पुलिस के हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही जन सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर कैमरा लगाने के लिए समाज सेवियों को आगे आने के लिए निवेदन किया। कॉलेज चौराहे पर स्थित कोचिंग सेंटर में अचानक पहुंचकर वहां के विद्यार्थियों से बात की । विद्यार्थियों ने भी इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए पुलिस अधीक्षक से कंपटीशन की तैयारी कैसे करें , करियर के लिए लक्ष्य निर्धारण कैसे करें आदि अनेक विषयों पर प्रश्न किए। पुलिस अधीक्षक ने सिविल सर्विसेज की तैयारी के बारे में बताते हुए नक्सलवाद, संवैधानिक प्रावधान, करंट अफेयर्स एवं नए कानूनी प्रावधानों आदि



विषयों पर काफी विस्तार से बताया। साथ ही इंटरनेट के प्रभावी उपयोग पर भी टिप्स दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एक शिक्षक की भूमिका में नजर आए। कस्बा में तालाब किनारे स्थित पार्क पर पहुंचकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी को शाम के समय पार्क के आस पास असामाजिक तत्वों की चेकिंग के निर्देश दिया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक पिछोर थाने पर पहुंचे और थाने की कार्य प्रणाली की समीक्षा की । थाने के कर्मचारियों से चर्चा के दौरान नए भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के संबंध में प्रश्न करने पर आरक्षक माधव पुरोहित एवं आरक्षक भूपेंद्र सिंह द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर पुरस्कृत किया गया वहीं प्रधान आरक्षक एचएस कुशवाहा को उनके स्वच्छ गणवेश एवं शारीरिक फिटनेस के लिए पुरस्कृत किया गया । पैदल भ्रमण के दौरान एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा थाना प्रभारी जितेंद्र मावई रक्षित निरीक्षक अनिल कवरेती एवं स्टेनो आशीष पटेरिया उपस्थित रहे ।

## कालेज चलों अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय खनियांधाना द्वारा 12वीं के छात्रों को दी गई प्रवेश संबंधित जानकारी




दैनिक रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल

दिनांक 4 जून 2025को शासकीय महाविद्यालय खनियांधाना द्वारा शास.उच्चतर (उत्कृष्ट) मा.वि.खनियांधाना में "कालेज चलों अभियान" के अंतर्गत द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण के एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्रों को प्रवेश संबंधित व शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन आदरणीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के के यादव सर के मार्गदर्शन में किया गया। कालेज चलों अभियान के प्रभारी डॉ लवलेश कुमार साहू ने छात्रों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इन योजनाओं में मेधावी योजना, गांव की बेटी योजना, आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना और स्टेशनरी योजना शामिल हैं। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट मा. वि. खनियांधाना के प्रिंसिपल श्री अनिल यादव और समस्त विद्यालय परिवार एवं महाविद्यालय से श्री रामचन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

## मधुमक्खियों का हमला... टीआई की मौत... 4 पुलिसकर्मी भी बुरी तरह घायल

दैनिक रणजीत टाइम्स



उज्जैन के मक्सी रोड स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आज तेज आंधी से बचने के लिए पुलिसकर्मी पेड़ के नीचे बैठे ही थे कि उन पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया... इन मधुमक्खियों का हमला इतना खतरनाक था कि 4 पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल तो हुए ही, वहीं टीआई रमेश कुमार धुर्वे को मधुमक्खियों के बुरी तरह डंक लगने की वजह से उनकी मौत हो गई... उन्होंने अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया... बता दें कि उक्त ट्रेनिंग सेंटर उज्जैन शहर से कुछ किलोमीटर दूर है और जंगल लगा होने से यहां पेड़ों पर बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के छत्ते हैं और आज आए तेज आंधी-तूफान से ये मधुमक्खियां छत्ते से बाहर आईं और उक्त हादसा हो गया..!

## आगामी त्योहार को लेकर शांति समिति के बैठक का हुआ आयोजन

आशीष शर्मा




सनावद-ईद उल अजहा को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। एएसपी शकुंतला रूहल, एसडीओपी सत्यनारायण दरों, एसडीओपी अर्चना रावत, थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर, तहसीलदार मुकेश मचार, सीएमओ राजेंद्र मिश्रा व बिजली कंपनी के एई अमित ठाकुर मौजूद रहे। समाजजनों ने ईद के आयोजनों की जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा त्योहार शांति व सौहार्द्र पूर्ण माहौल में मनाएं। कोलाहल अधिनियम के तहत जारी गाइड लाइन का पालन करें। प्रशासन आयोजन में पूरा सहयोग करेगा। समाजजनों ने ईदगाह पर सफाई, पर्याप्त बिजली व समय पर जलप्रदाय की मांग रखी। सीएमओ ने सभी व्यवस्थाएं समय पर करने का भरोसा दिया।बैठक में शेख साकेरिन, जर्रार पेंटर, शहजाद खान, शिशिर देसाई, पवन इंगला, अनिल बारे, सोनू पेंटर, हारून बेग और शेख मूजा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सीएमसीएलडीपी कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय सतना एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित सीएमसीएलडीपी कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन उत्कृष्ट (सांदीपनि) विद्यालय परिसर में किया गया। परीक्षा प्रभारी परामर्शदाता कांतिलाल पाटीदार ने बताया कि बाहरी परीक्षा विशेषज्ञ राजेंद्रराव भोगलेकर द्वारा विद्यार्थियों के वार्षिक गतिविधि के अंतर्गत सतत विकास के आयाम में जल संरक्षण एवं प्रबंधन पर रिपोर्ट एवं मौखिक रूप से भी परीक्षा ली गई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट देते हुए सामाजिक प्रयोगशाला में किए गए कार्यों के बारे में बताया जिसमें बोरी बंधान ,बावड़ियों की सफाई, अन्य जल स्रोतों के संरक्षण हेतु किए गए सामूहिक प्रयास, जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए गए कार्य मुख्य रूप से बताए गए। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक शिवशंकर शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए आगामी परीक्षाओं के बारे में जानकारी दी तथा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित श्रीराम मंदिर अस्थल मंदिर परिसर स्थित बावड़ी पर 'बावड़ी उत्सव' का आयोजन में सहभागिता हेतु कहा गया। इस अवसर पर परामर्शदाता कांतिलाल पाटीदार ,जगदीश बैरागी, प्रद्युम्न व्यास, अनिल पाटीदार, लेखराज सिंह राठौर एवं कम्युनिटी लीडर्स छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# विश्वमंगल हनुमान धाम में शिवालय की होगी स्थापना

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। विश्वमंगल हनुमान धाम तारखेडी में ब्रह्मलीन परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री रामप्रपन्न जी महाराज एवं ब्रह्मलीन गुरुदेव पंडित श्री कालीचरण दास जी वैष्णव की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से तारखेडी धाम में शुभ प्रसंग अवसर पर विश्वमंगल हनुमान धाम पर महामृत्युंजयेश्वर भगवान परिवार सहित पुनः अपने नवनिर्मित निज मंदिर में विराजमान किए जाएंगे। देव स्थापना एवं प्रतिष्ठा कार्यक्रम सुचारू रूप से किया जाएगा। जिले का प्राचीन तीर्थ स्थल विश्वमंगल हनुमान धाम आस्था का प्रमुख केंद्र है। प्रति मंगलवार को यहां प्रदेश सहित सीमावर्ती गुजरात राजस्थान राज्य से श्रद्धालु दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। मूर्ति स्थापना के दिन से प्रारंभ हुआ पूजा का क्रम अनवरत जारी है। यहां प्रति मंगलवार, अश्विन व चैत्र नवरात्रि, गुरु पूर्णिमा और हनुमान जयंती पर विश्वमंगल हनुमान का अभिषेक कर चोला चढ़ाया जाता है। पीठ पूजा, श्री हनुमत स्तोत्र



के पाठ के बाद धूप नवेद अर्पण करते हैं। विश्वमंगल हनुमान जी महाराज की आयुध गदा को यज्ञ कुंड के समीप सामूहिक रूप से भक्तों को बैठाकर मानसिक रूप से सीताराम नाम का जाप करवाते हुए उनके पूरे शरीर पर घुमाया जाता है। भक्त यहां से गुरु प्रसाद स्वरूप प्रदत्त पूजन का अभिमंत्रित जल, रक्षा, सूत्र भगवान की गदा का आशीर्वाद लेते हैं।

तारखेड़ी धाम में एक और नया मंदिर भगवान शिव परिवार के साथ विराजित होंगे। जिनका कार्यक्रम विस्तार से किया जाएगा। विश्वमंगल हनुमान धाम तारखेडी के महंत ऋषि वैष्णव ने बताया कि चार दिवसीय चलने वाले इस कार्यक्रम में नवनिर्मित पावन शिवालय की स्थापना 4 जून बुधवार से शुरुआत की जाएगी।

कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है:

- 4 जून: मंडप प्रवेश गणेश पूजन
- 5 जून: स्थापित देव पूजन, गंगा पूजन एवं अग्नि स्थापना
- 6 जून: स्थापित देव पूजन एवं यज्ञ
- 7 जून: स्थापित देव पूजन और यज्ञ
- 8 जून: देव स्थापना एवं यज्ञ की पूर्णाहुति, महाआरती

विश्वमंगल हनुमान धाम के महंत ऋषि वैष्णव ने बताया कि बड़े ही हर्षोल्लास वेदोक्त मंत्रोच्चार व विधि विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।




# ग्राम जाबड़ा में हुआ पहला नेत्रदान, दो लोगों के जीवन में होगा उजियारा

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

जैन । ग्राम जाबड़ा में नेत्रदान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। पाटीदार परिवार के सदस्य - जितेन्द्र पाटीदार, आराधना पाटीदार और साधना पाटीदार - ने अपने पिताजी रमेशचंद्र पाटीदार के निधन के बाद नेत्रदान की सहमति दी, जिससे दो नेत्रहीनों को दृष्टि प्राप्त होगी। इस पुण्य कार्य की पहल समाजसेवी सुरेश पाटीदार 'आदर्श' और ईश्वरलाल पाटीदार ने की। नेत्रम संस्था के सदस्य हेमन्त मूणत के अनुसार, परिजनों की सहमति मिलने के बाद बड़नगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जीएल ददरवाल को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही डॉ. ददरवाल अपनी टीम के साथ ग्राम जाबड़ा पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस अवसर पर दशरथ पाटीदार, बंशीलाल पाटीदार, दिनेश पाटीदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी (महिला एवं पुरुष) मौजूद थे। इस पहल ने पूरे क्षेत्र में नेत्रदान के प्रति जागरूकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है, जो भविष्य में अन्य लोगों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करेगा। नेत्रम संस्था के सदस्य हेमन्त मूणत ने बताया कि जिले भर में अपने परिवार के सदस्य का निधन होने पर नेत्रदान हेतु नेत्रम परिवार के सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है।

## इंदौर सांसद का स्वागत किया एवं राजगढ़ आने का निमंत्रण दिया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

राजगढ़ । दिनांक 4 6.2025 को इंदौर के कार्यक्रम में इंदौर के लोकप्रिय सांसद शंकर लालवानी का स्वागत कर उन्हें 7 जुलाई 2025 को राजगढ़ आने का निमंत्रण दिया स्वागत समारोह में राजगढ़ श्री संघ अध्यक्ष संदीप जी खजांची, अशोक भंडारी प्रेस रिपोर्टर ,राजेंद्र भंडारी ,प्रवीण खिमेसरा ,मांगीलाल यादव ,रमेश प्रजापत ,निलेश जैन आदि साथियों ने स्वागत किया ।



## शासकीय आईटीआई झाबुआ में संयुक्त रूप से "युवा संगम" कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन




### निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 20 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । मध्यप्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 04 जून 2025 को शासकीय आईटीआई झाबुआ में संयुक्त रूप से "युवा संगम" कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कुल 41 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया तथा मेले में उपस्थित निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 20 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से कॅरियर ब्रिज स्कील अहमदाबाद गुजरात, ईसाफ स्माल फाईनेंस बैंक झाबुआ तथा एमआरएफ भड़ूच गुजरात (वर्चुअल) के भर्ती अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित आवेदकों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र झाबुआ के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भगवान महेश ने किया नगर भ्रमण

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



राणापुर । महेश नवमी के अवसर पर भगवान महेश जब नगर में निकले तो समाज जनों का उत्साह चरम पर था। चौराहों पर युवा युवतियां रास खेल रही थी। माहेश्वरी समाज द्वार महेश नवमी पर्व धुमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम माहेश्वरी समाज द्वारा स्थापित गोपाल मंदिर मैं भगवान राम लक्ष्मण जानकी जी का अभिषेक किया गया उसके पक्षत तालाब किनारे स्थित शिव मंदिर प्रति समाज द्वार अभिषेक किया गया अभिषेक के पक्षात आरती व प्रसादी का अयोजन हुआ शाम को 5:00 बजे के बाद माहेश्वरी समाज राणापुर गोपाल मंदिर से शोभायात्रा के रूप में भगवान शंकर की प्रतिमा के साथ नगर की प्रमुख मार्गो में होती हुई शोभा यात्रा गोपाल मंदिर पहुंची शोभायात्रा में पुरूषों ने सफेद वस्त्र महिला लाल सादी मैं सम्मिलित होकर समाज के सभी घरों में शोभा यात्रा का स्वागत किया गया अन्य लोगों ने भी भगवान की प्रतिमा का स्वागत किया शोभा यात्रा का समापन माहेश्वरी समाज गोपाल मंदिर पर किया गया ।आरती की गई वही समाज की ओर से भोजन प्रसादी का अयोजन किया गया।

## पंजीयन में अधिक शुल्क मांगने पर सीधे कलेक्टर से शिकायत करें: कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर । कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आम जनता से अपील की है कि यदि संपत्ति पंजीयन (रजिस्ट्री) के दौरान निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की मांग की जाती है, तो वे तुरंत इसकी शिकायत जिला प्रशासन से करें। पीड़ित व्यक्ति सीधे कलेक्टर के मोबाइल नंबर 9329309176 पर, कलेक्टर कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07364-226500 पर या जिले के सीएम हेल्पलाइन कंट्रोल रूम 07364-181 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस संबंध में, कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिला पंजीयक को निर्देशित किया है कि इस आशय का एक फ्लैक्स बैनर जिला पंजीयन कार्यालय में लगवाया जाए, ताकि आमजन को इसकी जानकारी आसानी से मिल सके।

### उपपंजीयक एवं जिला पंजीयक को कारण बताओ नोटिस जारी

शिकायतकर्ता से पंजीयन के एवज में रिश्वत मांगने और रजिस्ट्री को अनावश्यक रूप से रोके रखने (होल्ड पर रखने) जैसी गंभीर शिकायतें प्राप्त होने पर, उपपंजीयक मुद्रांक शुजालपुर श्री प्रवीण सिंह को कलेक्टर सुश्री बाफना ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, जिला पंजीयक मुद्रांक श्री वीरेंद्र डहेरिया को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस उनके अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों द्वारा आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान करने और रिश्वत मांगने की शिकायतों के संबंध में है, जिससे शासन की छवि धूमिल होने की संभावना है। उनसे पूछा गया है कि अधीनस्थ कार्यालय पर क्या कार्यवाही की गई है, और यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो वरिष्ठ कार्यालय को अब तक इस बारे में अवगत क्यों नहीं कराया गया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने इसे कर्तव्य के प्रति उदासीनता और लापरवाही मानते हुए श्री डहेरिया से भी तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है।

## जिला अस्पताल में दायीं हेमिकॉलेक्टमी का सफल ऑपरेशन किया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । मरीज पानु पति मेहर सिंह 60 वर्ष महिला तीन सालों से पेट दर्द से परेशान थी । उसके बाद मरीज जिला अस्पताल झाबुआ में भर्ती हुई और यहाँ मरीज की जाँचो के बाद पता चला कि मरीज की आंत में गठान है जिसके लक्षण कैंसर जैसे है जिसका ऑपरेशन करना बेहद जरूरी है। ऑपरेशन की पूरी तैयारी करके डॉ. सावन चौहान द्वारा बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. दीपक राठौर एवं ओटी टीम की सहायता से मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया जो कि 3 घंटे 30 मिनट तक चला। इस ऑपरेशन में मरीज की बड़ी आंत का एक हिस्सा काट कर पूरी तरह अलग किया गया जिसमें कैंसर की गठान भी थी। उसके बाद छोटी आंत और बड़ी आंत को जोड़ा गया। इस ऑपरेशन को दायीं हेमिकॉलेक्टमी कहते है। ये ऑपरेशन 16 वर्षो बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल द्वारा जिला अस्पताल झाबुआ में किया गया।

## महाशक्ति ने किया शक्ति का बहुमान

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

राणापुर । नगर के प्रतिष्ठित ओर पुण्य सम्राट श्री के अनन्य भक्त कांतिलाल जी सालेचा के पौत्र निलेश की 15 वर्षीय पुत्री कुमारी शक्ति ने जयंतगिरी पालीताणा तीर्थ की 99 यात्रा कर राणापुर आगमन पर महाशक्ति महिला मंडल ने बहुमान करते हुए अभिनंदन पत्र भेंट किया। ग्रीष्म ऋतु के माह में कु. शक्ति ने नंगे पैर एकासना करते हुए 45 दिन में 99 यात्रा पूर्ण की। राणापुर आगमन पर परिवार ने एक भव्य शोभायात्रा निकाली जो बैंड के मधुर भक्ति गीत ओर ढोल की थाप पर थिरकते नृत्य करते हुए युवाओं की टोलियों के साथ नगर के मार्गो से होती हुई कृष्ण गार्डन पहुंची जहां आयोजित बहुमान कार्यक्रम में शक्ति का स्वागत करते हुए अभिनंदन पत्र भेंट किए गए। ओसवाल समाज, मुनि सुव्रत समाज, महिला परिषद ओर पाठशाला के नन्हें बच्चों ने मोतियों की लड़ियों ओर साल श्री फल से सम्मान किया। चंद्रसेन कटारिया,दिलीप सकलेचा,कमलेश नाहर,श्रीमती रेखा कटारिया, ओर यश्वी शाह ने सिद्धगिरि राज की महिमा का वर्णन करते हुए यात्रा के महत्व को प्रतिपादित किया और नन्हीं सी बालिका के इस बड़े इरादे को पूर्ण करने पर बधाई दी। संजय अग्रवाल ने भगवान आदिनाथ जी के समय से चली आ रही नवानू यात्रा का प्रतिफल विस्तार से प्रस्तुत किया। संजय ने इस पराक्रम के पीछे जैन समाज में चल रही पाठशाला ओर परिवार के द्वारा दिए गए संस्कार को मुख्य बताया। सुरेश समीर ने कहा कि इस 15 वर्षीय बालिका जिसकी उम्र अभी पढ़ाई करने की है,खेलने की हे इस छोटी वय में शक्ति के इस भगीरथ की अनुमोदना करता हु और परिवार को भी बधाई की उन्होंने अपनी बेटी को इस कार्य के लिए रोका नहीं। उन्होंने आगे कहा कि हमारे जैन समाज की पाठशाला बच्चों को धर्म ओर संस्कार में आगे की ओर अग्रसर कर रही है। सुरेश समीर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पाठशाला में शिक्षिकाएं समय देकर फ्री में पढ़ाती हे पर अभिभावक उन्हें एक घंटे के लिए भी पाठशाला नहीं भेजती। जब शिक्षिकाएं उनसे भेजने की बात करती हे तो अभिभावक का सीधा जवाब मिलता हे बच्चों के सिर पर स्कूल का बहुत भार हे।निश्चित तौर पर हमारे आचार्य ओर मुनि साध्वी भगवंत पाठशाला खोलने पर जोर देते हे पर श्रावक समाज इसे हल्के में ले लेता है। समारोह में श्वेतांबर दिगंबर,अग्रवाल पोरवाल,हरसोला नायक परिवार के महानुभावों ने भाग लिया। समारोह का संचालन जितेंद्र सालेचा ने किया तथा आभार माना अनिल अन्नू जैन ने ।



## 21 पंचायतो के नवीन भवन निर्माण की मिली सौगात

# विधायक प्रताप ग्रेवाल ने मध्यप्रदेश विधानसभा मे उठाई थी आवाज

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रयासो से जनपद पंचायत सरदारपुर की 21 पंचायतो के नवीन भवन निर्माण की सौगात मिली है। प्रत्येक भवन की लागत 37.50 लाख रूपये है जिसमे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्माण एजेन्सी ग्राम पंचायतो को प्रथम किश्त के रूप मे 18.75 लाख रूपये की राशि जारी की गई है। जनपद पंचायत सरदारपुर की विभीन्न ग्राम पंचायतो मे पंचायत भवन जर्जर होने से विधायक प्रताप ग्रेवाल मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र 2025 मे नवीन पंचायत भवन निर्माण की मांग को लेकर आवाज उठाते हुए प्रश्न लगाया था एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री, प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता को भी पत्राचार किया था। नवीन पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृती मे ग्राम पंचायत नंदलई, हनुमन्तिया साजोद, हनुमन्तिया पदमपुरा, बडोदिया, बांदेडी, बर्डीपाडा, बरखेडा, बसलई, बिमरोड, बोदली, चालनी, गोन्दीखेडा ठाकुर, हातोद, लेंडगॉव, मौरगॉव, नरसिंह देवला, नयापुरा, पटोलिया, संदला, सेमल्या, सिन्दुरिया शामिल है। नवीन पंचायत भवन की सौगात पर संबंधित ग्राम पंचायतो के सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधीगण, पंचगण एवं ग्रामीण जनता ने विधायक प्रताप ग्रेवाल का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।



# किसान संगोष्ठी का आयोजन




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर । विकसित कृषि संकल्प अभियान जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत ग्राम पतोली से विगत 29 मई 2025 से हुई है, जो निरंतर चल रही है। इस अभियान में कृषि वैज्ञानिको द्वारा कृषि की नई-नई तकनीकों की जानकारी किसानो को दी जा रही है। जिससे उत्पादन लागत कम और मुनाफा अधिक मिले। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक श्री केएस यादव ने बताया कि आज ग्राम पंचायत सतगांव, भदौनी, ताजपुरउकाला, पिपलोद, आलनिया, प्रतापपुरा, पिपल्यानगर, करजू, भंवरासा एवं मोहना आदि में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि विकासखंड स्तरीय चार संयुक्त दल जिले के चारों विकासखण्ड में भ्रमण कर किसानों को आगामी खरीफ सीजन 2025 की तैयारी के लिये कृषि वैज्ञानिक द्वारा बीजों की नई किस्मो एवं फसल उत्पादन की नई पद्धतियों के बारें मे जानकारी दे रहे हैं। संयुक्त दल में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं आत्मा के अधिकारी शामिल हैं। कृषि वैज्ञानिक किसानों से क्षैत्रीय फीडबैक ले रहे है, जिससे किसानों द्वारा बताये गये सुझावो पर अनुसंधान किया जा सके। संयुक्त दल एवं वैज्ञानिक अद्यतन जिले की 51 ग्राम पंचायतो के 1778 किसानों को संवाद, परिचर्चा के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं आत्मा में संचालित राज्यपोषित एवं केन्द्रपोषित योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया है। अभियान में प्रगतिशील किसान, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अभी तक 84 ग्राम पंचायतों/गांवों में दल जाकर किसानों के साथ संवाद किया गया है।

## गोदड़िया पंचायत में जेसीबी मशीन से बनाया जा रहा तालाब..

# मजदूरों के हक अधिकार पर डाला जा रहा डाका

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पेटलावद। जहां एक और प्रदेश सरकार पलायन रोकने के लिए पंचायत स्तर पर सरकारी काम चला कर मजदूरों को मजदूरी मुहैया करवाने का काम कर रही हैं। ताकि क्षेत्र के मेहनतकश मजदूरों को अन्य जिले और राज्यों के लिए पलायन ना करना पड़े परंतु ताजा मामला पेटलावद जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोदडिया का सामने आए जहां पर रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत तारा घाटी के पास 25 लाख रुपये की लागत से तालाब का निर्माण किया जा रहा है उक्त तालाब निर्माण के दौरान पंचायत के जिम्मेदार जेसीबी मशीन लगाकर तालाब बना रहे हैं। इससे ना सिर्फ मजदूरों का शोषण हो है, बल्कि मजदूर वर्ग के हक अधिकार पर भी डाका डाला है जिसकी शिकायत गाँव के जागरूक ग्रामीण गुडू मीणा ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से की है, ग्राम पंचायत के जिम्मेदार नियमों को ताक पर रखकर अपने मनमर्जी के अनुसार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे है इस ओर प्रशासन को ध्यान देना होगा?

सीएम हेल्पलाइन पर की गई ये शिकायत- [5/24, 3:04 PM] +91 77479 31980: विभाग=पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग उप विभाग=मनरेगा शिकायत की श्रेणी=निर्माण कार्य विशेष मशीनों के द्वारा किया जाने संबंधित (मनरेगा) आज






दिनांक 22/05/2025 गुरुवार को तालाब निर्माण कूल लागत लगभग 2500000 है निर्माण कार्य JCB द्वारा बिना किसी संबंधित प्राधिकारी अनुमति द्वारा सरपंच द्वारा काम करवाया जा रहा है जिला झाबुआ ते पेटलावद ग्राम पंचायत गोदडिया में तारा धाटी के पास सरपंच इंजीनियर बालूसिह गामड़ द्वारा मनरेगा में काम मजदूर होतें हुएं भी JCB द्वारा काम करवाया जा रहा है सरपंच को फोन लगाया तो सरपंच कहता है कि जो आपसे हो वो करलो ओर सरपंच को पंच लोगों ने पूछा तो ऐसा व्यौ कर रहे हो धमकी देता है अपनी मनमानी कर रहा है अतः श्री मान जी इस भष्ट्राचार को रोका जाए ताकि मजदूरों को रोजगार मिले दाहोद गुजरात पलायन जाने से रोका जाए ताकि अपनी पंचायत में हि मजदूरों रोजगार मिले इस भष्ट्राचार सरपंच के उपर कारवाई कि जाए! [5/24, 3:04 PM] +91 77479 31980: आवेदन पत्र नहीं दिया है सर पर cm helpline शिकायत है पूरी खबर पड़े अगले अंक में ग्रामीणों ने दिए कोफ्ता सबूत।

## कृषि सहकारी संस्था के सेल्समैन के विरुद्ध अनियमितता की शिकायत, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

जीरापुर । प्राथमिक कृषि साखा सहकारी संस्था के पदस्थ सेल्समैन के विरुद्ध अनियमितता को लेकर जिला कलेक्टर से शिकायत की गई है। शिकायत के बाद भी कार्यवाही हुई है। शिकायतकर्ता नारायण सिंह परमार शहबाजपुरा ने शिकायत में उल्लेख किया है कि जीरापुर की प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था के सेल्समैन भगवान सिंह सरावत दैनिक वेतन भोगी के रूप में पदस्थ है। सेल्समैन द्वारा संस्था में समिति प्रबंधक के द्वारा बनाए गए प्रतिमाह के वेतन ठहराव में अपने दर्ज सेल्समैन के पद को काटकर सहायक प्रबंधक करके कांट-छांट की गई है। फर्जी तरीके से संस्था में सहायक प्रबंधक की पोस्ट हासिल करना चाहता है । कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही बताया कि इस सम्बन्ध में 26 दिसंबर को भी एक आवेदन प्रस्तुत किया था तथा 16 मई को भी दिया था। सहकारी संस्था के समिति प्रबंधक द्वारा बनाए गए प्रतिमाह के वेतन ठहराव प्रस्ताव की एक प्रति जिला सहकारी बैंक में भी जमा की, जाती है और एक प्रति संस्था में रहती है इसलिए उक्त जिला सहकारी बैंक में जमा वेतन ठहराव प्रस्ताव व संस्था में जमा ठहराव प्रस्ताव का मिलान कर जांच की जाना चाहिए। जमा ठहराव प्रस्ताव का मिलान करवाकर कार्रवाई की मांग की है। उच्च अधिकारियों को उचित जांच कर इस प्रकार से फर्जीवाड़ा करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करना चाहिए ताकि आगे चलकर इस प्रकार के फर्जीवाडा करने वाले की हिम्मत ना हो।

# सनावद-खंडवा मेमू ट्रेन का समय निर्धारण क्षेत्रवासियों से पूछ कर किया जाए

आशीष शर्मा

सनावद-क्षेत्रवासियों ने रेल विभाग और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सनावद से खंडवा तक चलाई जा रही मेमू ट्रेन का आवागमन का समय रेलयात्रियों की सुविधानुसार परिवर्तित किया जाए। ताकि क्षेत्रवासियों को रेल सुविधा का अधिकाधिक लाभ मिल सके।क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि ट्रेन के आवागमन का समय स्थानीय सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की सलाह से निर्धारित किया जाए। क्षेत्रवासियों की मांग है कि मेमू ट्रेन का पहला फेरा खंडवा से प्रातः 6:30 बजे से शुरू किया जाए और ट्रेन 7:45 बजे सनावद रेलवे स्टेशन पहुंचे। इससे खंडवा रेलवे जंक्शन पर आवागमन करने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के यात्री सुबह ओंकारेश्वर पहुंच सकेंगे। तत्पश्चात ट्रेन प्रातः 8:30 बजे सनावद रेलवे स्टेशन से रवाना होकर प्रातः 9:45 बजे खंडवा पहुंचे। इससे ओंकारेश्वर,सनावद और आसपास के ग्रामों के नौकरीपेशा कर्मचारी,विद्यार्थी, व्यापारी,मरीज और न्यायालयीन कार्य हेतु जाने वाले पक्षकार और वकील समय पर प्रातः 10:30 बजे तक अपने कार्यस्थल तक पहुंच सकेंगे। इसी प्रकार ट्रेन पुनः शाम को 6 बजे वापस सनावद के लिए रवाना होकर 7:15 सनावद पहुंचे। इससे खंडवा डेली अपडाउन करने वाले यात्री समय पर वापस घर लौट सकेंगे। तत्पश्चात ट्रेन पुनः रात्रि 8 बजे वापस खंडवा के लिए रवाना हो और रात्रि 9:15 बजे खंडवा पहुंचे।इससे ओंकारेश्वर दर्शन कर तीर्थयात्री अपने गंतव्य तक जाने के लिए खंडवा रेलवे स्टेशन पहुंच सकेंगे। इस प्रकार ट्रेन के आवागमन के समय का युक्तिसंगत निर्धारण करने से क्षेत्रवासियों और तीर्थयात्रियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। इससे रेलवे के राजस्व में भी आशातीत वृद्धि होगी। क्षेत्रवासियों ने यह भी मांग की है कि मेमू ट्रेन को मेंटेनेंस के लिए बुधवार,गुरुवार की जगह शनिवार,रविवार को भुसावल भेजा जाए और भुसावल भेजे जाने के दौरान मेमू ट्रेन को खाली भेजने की बजाय रेल यात्रियों को खंडवा से भुसावल जाने के लिए अतिरिक्त रेल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसी प्रकार मेंटेनेंस के पश्चात भुसावल से खंडवा तक मेमू ट्रेन को खाली लाने की बजाय भुसावल से खंडवा तक रेल यात्रियों को आने के लिए अतिरिक्त रेल सुविधा मिल उपलब्ध कराई जाए। इससे रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा और रेल यात्रियों को बिना कोई नई ट्रेन चलाए खंडवा और भुसावल के बीच आवागमन हेतु अतिरिक्त रेल सुविधा मिल सकेगी।




क्षेत्रवासियों ने सनावद और खंडवा के बीच संचालित की जा रही मेमू ट्रेन का स्पेशल ट्रेन का दर्ज समाप्त कर सामान्य कर और दो फेरे करने तथा सनावद से खंडवा तक का रेल किराया 50 रु से घटाकर 15 रु करने पर हर्ष व्यक्त किया है। उधर मंगलवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने दोपहर एक बजे मेमू ट्रेन के दूसरे फेरे को हरी झंडी दिखाकर सनावद के लिए रवाना किया। इधर सनावद रेलवे स्टेशन से ट्रेन पुनः 3.30 बजे खंडवा के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर सनावद विकास संघर्ष समिति के सदस्य और नागरिक बड़ी संख्या में सनावद रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। समिति के सदस्यों जाकिर हुसैन अमी, डॉ.राजेंद्र पलोड़,लक्ष्मीकांत राठी,ओम बंसल, धीरेंद्र सोलंकी,भूपेंद्र चतुर्वेदी,प्रणव व्यास,महेश शर्मा,विनय मंडलोई ने रेल विभाग से मेमू ट्रेन के तीन फेरे करने,मेमू ट्रेन को भुसावल तक चलाए जाने,अंडरपास रेलवे ओवरब्रिज का कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने की मांग की है।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# अग्निशमन दमकल वाहनों की व्यवस्था बढ़ाई जावे

रंजीत टाइम्स

**दीपक तोमर**

**बड़वाह। विधानसभा बड़वाह क्षेत्र के अंतर्गत इंदौर रोड काटकुट फाटा नर्मदा रोड स्थित औधोगिक इंडस्ट्रीज एरिया साथ ही अन्य निजी आईल मिल काटन मिल बैग फैक्ट्री टेक्सटाइल्स संचालित हो रही है।किंतु 4 मई 2025 को इंदौर रोड काटकूट फाटा स्थित विनर कॉटन कार्पोरेशन जिनिंग फैक्टरी में अज्ञात कारणों से अचानक भीषण आग लग गई थी।**

भीषण आग में करीब 450 से अधिक रुई की गठानें जलकर खाक हो गई।आगजनी की घटनाओं से करीब 1 से 1.5 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।उसके एक दिवस पूर्व कोयले के ट्रक में भीषण आग लग गई थी।व्यापारी सतीश जैन संजय गोयल ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अग्निशमन दमकल वाहनों की व्यवस्था बढ़ाई जावे।क्योंकि जब भी कोई बढ़ी घटना घटित होती है तो उस समय नगर पालिका परिषद बड़वाह के दो दमकल के अलावा सनावद मडलेश्वर करही से अग्निशमन वाहनों को बुलाया जाता है।



**अग्निशमन दमकल वाहनों की व्यवस्था बढ़ाई जावे।**

विनर कॉटन व्यापारी सतीश जैन ने बताया कि क्षेत्र में 6 जिनिंग फैक्ट्री 8 आइल मिल टेक्सटाइल्स बेग फैक्ट्री सहित अन्य फैक्ट्रियां भी संचालित हो रही है।जिसको लेकर शासन प्रशासन से लंबे समय से दमकल की सुविधा नहीं होने से आगजनी की घटनाएं होने पर फैक्ट्रियों में करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है।लंबे समय से दमकल की मांग करने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। संपूर्ण क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं होने पर आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन यंत्र जिले व तहसील के अंतिम छोर के करही मंडलेश्वर सनावद ओंकारेश्वर कसरावद खरगोन आदि क्षेत्रों से बुलानी पड़ती है, तब तक सबकुछ जलकर खाक हो जाता है। क्षेत्र में कई बार आगजनी की घटनाएं होने पर ग्रामीणों की सूझबूझ व स्वयं के स्तर पर पानी के टैंकर मंगवाकर आग पर काबू पाने के प्रयास किए जाते हैं।

**वर्जन**

**व्यापारियों द्वारा मांग उठाई जाती है तो शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा शासन स्तर पर मांग की जाती है तो नगर पालिका परिषद बड़वाह द्वारा शासन स्तर पर प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा।क्षेत्र में कई बार छोटी-बड़ी आगजनी की घटनाएं घटित होती है तो हमारे पास दो दमकल की मदद से आग पर काबू किया जाता है।**

**कुलदीप किन्शुक सीएमओ नगर पालिका परिषद बड़वाह**

